चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/9177
दिनांक : 05.12.2024

विज्ञप्ति

इस कार्यालय के पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/9152, दिनांक 19.11.2024 द्वारा निर्गत विज्ञप्ति का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में सेमेस्टर व्यवस्था के अन्तर्गत संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म दिनांक 05.12.2024 तक भरे जाने हेतु सूचना निर्गत की गयी थी।

परीक्षा फार्म भरवाये जाने की तिथियों में निम्नवत विस्तार किया जा रहा है :–

(1) ऑनलाईन पोर्टल पर केवल एन0ई0पी0 स्नातक पाठ्यक्रमों के परीक्षाफार्म भरने की अन्तिम तिथि — **दिनांक 07.12.2024 तक**

विभागों/महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्म सत्यापित करने की अन्तिम तिथि : **दिनांक 09.12.2024 तक**

सत्यापित परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के सम्बन्धित विभागों में जमा करने की अन्तिम तिथि : **दिनांक 10.12.2024 तक**

(2) ऑनलाईन पोर्टल पर (एन0ई0पी0 स्नातक को छोड़कर) अन्य सभी पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म भरे जाने की अंतिम तिथि : दिनांक **10.12.2024 तक**

विभागों/महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्म सत्यापित करने की अन्तिम तिथि : **दिनांक 12.12.2024 तक**

सत्यापित परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के सम्बन्धित विभागों में जमा करने की अन्तिम तिथि : **दिनांक 13.12.2024 तक**

महत्त्वपूर्ण निर्देश :

1. परीक्षा फार्म भरने हेतु वेब लिंक विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध है।
2. परीक्षा फार्म भरने से पूर्व सम्बन्धित पाठ्यक्रमों की विषय कोड पुस्तिका एवं विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर निर्गत नियमों/अध्यादेशों का गहनता से अध्ययन करना सुनिश्चित करें।
3. स्नातक एन0ई0पी0 के पंचम सेमेस्टर के साथ प्रथम सेमेस्टर के मेजर विषयों के परीक्षा फार्म भरना अनुमत नहीं होगा।
4. दो पूर्ण सेमेस्टरों के परीक्षा फार्म एक साथ भरना अनुमत नहीं होगा।
5. समस्त छात्र/छात्राएं केवल विभाग/महाविद्यालय द्वारा आवंटित/अध्ययनरत विषयों में ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।
6. परीक्षा फार्म सम्बन्धी किसी भी सहायता हेतु विश्वविद्यालय अधिकृत एजेंसी के मोबाईल नं0 **9258933900, 9560014153, 9560014163** तथा ई–मेल आई0डी0 **helpdeskccsuweb@gmail.com** पर सम्पर्क करें।
7. ऐसे छात्र जिनका परीक्षा शुल्क ऑनलाईन पोर्टल पर कट जाता है किन्तु किसी कारणवश अपडेट नहीं होता है, से अपेक्षा की जाती है कि वह तत्काल दोबारा परीक्षा शुल्क का भुगतान न करें। परीक्षा शुल्क का भुगतान पुनः उसी दशा में किया जाये जब कटा हुआ परीक्षा शुल्क उनके खाते में वापस आ जाये।

05/12

उपकुलसचिव (परीक्षा)

क्रमशः........2

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>

01. प्राचार्य / प्राचार्या / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय / संस्थान / विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने स्तर पर भी व्यापक रूप से समस्त सम्बन्धित छात्र / छात्रों को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
02. सचिव, कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, निदेशक (अकादमिक) को, निदेशक (अकादमिक) जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
07. उप कुलसचिव / प्रभारी (परीक्षा / गोपनीय)।
08. प्रभारी–कमैटी सेल / अति गोपनीय विभाग।
09. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र / विश्वविद्यालय वेबसाईट।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
11. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों / अर्हता के अनुरूप ही उपर्युक्त सन्दर्भित समस्त परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
12. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्त्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों के **<u>सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए</u>**, छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
13. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र / सूचना पट।

उपकुलसचिव (परीक्षा)